संख्या–cm-236
07/06/2022

मुख्यमंत्री ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री रामप्रीत पासवान की धर्मपत्नी शोभा पासवान के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 07 जून 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री रामप्रीत पासवान की धर्मपत्नी शोभा पासवान के असमायिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व0 शोभा पासवान धर्म परायण एवं सामाजिक महिला थीं। उनका असामयिक निधन दुखद है। मुख्यमंत्री ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री रामप्रीत पासवान से दूरभाष पर वार्ता कर उन्हें सांत्वना भी दी।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******